भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री

Bhupesh Baghel
CHIEF MINISTER

मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर
अटल नगर, रायपुर, 492002, छत्तीसगढ़
फोन: +91 (771) 2221000, 2221001
ई–मेल : cmcg@nic.in

Mantralaya, Mahanadi Bhawan,
Nava Raipur Atal Nagar, Raipur
492002, Chhattisgarh
Ph.: +91 (771) 2221000, 2221001
E-mail : cmcg@nic.in

Do.No. 6931 Date : 01-12-2023

आदरणीय प्रधान मंत्री जी

विषय : ऑनलाईन बेटिंग के अवैध कारोबार से जुड़े प्लेटफार्म, वेब, ए.पी.के., टेलीग्राम, इंस्टाग्राम, यू.आर.एल. इत्यादि पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाये जाने के संबंध में।

आप इस तथ्य से सर्वथा अवगत होंगे कि विगत समय में ऑनलाईन बेटिंग, गेमिंग के माध्यम से अवैध जुआ एवं सट्टा कारोबार का देशव्यापी विस्तार हुआ है तथा इसके संचालक एवं स्वामी विदेशों से उक्त अवैध कारोबार का संचालन करते आ रहे हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार एवं राज्य की पुलिस द्वारा प्रारंभ से ही इस अवैध कारोबार के संबंध में कठोर कार्यवाही की जाती रही है, इस संबंध में विभिन्न अपराध दर्ज करके संलिप्त आरोपियों को पकड़ने तथा परिसंपत्तियॉ जब्त करने में भी सफलता प्राप्त की गई है।

मार्च 2022 से अब तक 90 से अधिक आपराधिक प्रकरण इस संबंध में छत्तीसगढ़ पुलिस ने दर्ज किये हैं, जिनमें 450 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, बैंक खातों में 16 करोड़ रूपये फ्रीज करवाये जा चुके हैं, कई लैपटॉप, मोबाईल फोन जब्त किये जा चुके हैं। प्रमुख आरोपियों के विरूद्ध लुक आउट सर्कुलर जारी किया जा चुका है, देश के विभिन्न राज्यों में भी जाकर छत्तीसगढ़ पुलिस ने कार्यवाही की है, जबकि इनका संचालन छत्तीसगढ़ से नहीं होता।

छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा 80 ऑनलाईन गेमिंग प्लेटफार्म/यू.आर.एल. /लिंक/ए.पी.के. को निलंबित करने के लिये इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार को पत्राचार भी किया गया है। गूगल से पत्राचार करके इस अवैध कारोबार में संलिप्त 'महादेव एप' को प्ले स्टोर से रिमूव्ह करवाया गया है।

हाल ही में इलेक्ट्रॉनिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय भारत सरकार द्वारा महादेव बुक सहित 22 अवैध बेटिंग एप्स और वेब साईट्स पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस संबंध में ध्यान योग्य बात यह है कि यह अवैध कारोबार कई अंतर्राष्ट्रीय/देशीय मोबाइल नम्बरों, मेल आई.डी., टेलीग्राम, वॉट्सएप, यू.आर.एल. लिंक, इंस्टाग्राम, ए.पी.के. फाईल आदि के माध्यम से भी संचालित होता है।

क्रमशः ...2

अतः यह समीचीन हो कि इस कारोबार में प्रयोग किये जाने वाले अंतर्राष्ट्रीय/देशीय मोबाइल नंबरों, मेल आई.डी., टेलीग्राम, वॉट्सएप, यू.आर.एल. लिंक, इंस्टग्राम, ए.पी.के. फाईल आदि की भी सुनिश्चित पहचान स्थापित करके इन सभी को प्रतिबंधित करवाया जाये।

ऑनलाईन बेटिंग/जुआ/सट्टा कारोबार संचालित करने वाले लोगों की आपराधिक कार्यप्रणाली का विस्तार चुंकि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हो गया है तथा वे अत्याधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों एवं प्लेटफार्म का प्रयोग करके अपना अपराध कारित कर रहे है।

अब तक हुए अन्वेषणों से इन अवैध कारोबारियों की पूरी कार्यप्रणाली अन्वेषण एजेंसियों के संज्ञान में आ चुकी है अतः प्रत्येक स्तर पर इनके कारोबार को रोकने के लिये निवारक उपाय किये जाने की सख्त आवश्यकता है, इसके अंतर्गत आरोपियों द्वारा प्रयुक्त बैंक खातों के अवैध परिचालन को तत्काल रोके जाने हेतु कदम उठाये जाने चाहिये जो केन्द्र के स्तर पर किया जाना संभव है।

यह अपरिहार्य हो गया है कि केन्द्र सरकार अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस दिशा में सम्यक कार्यवाही करे तथा इन पर पूर्णतया प्रतिबंध लगाये ताकि देश के करोड़ों लोगों को इस अवैध कारोबार के शिकंजे में फंसने से बचाया जा सके।

सादर.

(भूपेश बघेल)

प्रति,

श्री नरेन्द्र मोदी जी,
माननीय प्रधानमंत्री,
भारत सरकार
नई दिल्ली